# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फिर उठाया एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाये का मामला, कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने भुगतान का दिया भरोसा।**
2. **राज्यकर्मियों के स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी मंजूरी, प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मिलेगा हेल्थ कवरेज।**
3. **ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास आज ग्रहण करेंगे भाजपा की सदस्यता, पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद।**
4. **राजधानी रांची समेत पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में, घने कोहरे के कारण चार विमानों को किया गया डायवर्ट, रेल सेवाओं पर भी असर।**
5. **महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए दिल्ली और पंजाब की टीम पहुंची रांची, झारखंड की बेटी सलीमा टेटे का हुआ जोरदार स्वागत।**

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूरी दुनिया विभिन्न वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर देख रही है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में जीनोमिक्स डाटा कन्कलेव के लिए एक वीडियो संदेश में जीनोम इंडिया डाटा जारी करने की सराहना की तथा इसे अनुसंधान और स्वास्थ्य देखभाल के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर केन्द्र सरकार के समक्ष खनिज रॉयल्टी के बकाये एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये के भुगतान की मांग रखी है। रांची में कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ बैठक में श्री सोरेन ने बकाये का मामला उठाया। केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को बकाया भुगतान का भरोसा दिया। इससे पहले श्री रेड्डी ने केन्द्रीय खनन नियोजन और डिजाइन संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कोयला क्षेत्र में स्वदेश में विकसित 5–जी प्रौद्योगिकी का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके प्रयोग से खनन के दौरान खदान की स्थिति और मौसम की निगरानी की जा सकेगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्यकर्मियों, पदाधिकारियों और पेंशनभोगियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी के मामले में 10 लाख रुपये तक का हेल्थ कवरेज मिलेगा।

********************

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास आज एक बार फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सदस्यता समारोह के लिए रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में खास तैयारी की गयी है। समारोह में पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए भारतीय प्रवासियों के 17 प्रतिष्ठित सदस्यों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार भी प्रदान करेंगी। पेश है

********************

लोहरदगा जिले में सशत्र सीमा बल सुरक्षा के साथ मानव कल्याण की दिशा में भी काम कर रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राजधानी रांची समेत पूरा राज्य शीतलहर की चपेट में है। जहां एक ओर कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं घने कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाओं पर भी खासा असर देखने को मिल रहा है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि आंशिक बादल छाने के कारण कल के बाद ही मौसम में बदलाव संभव है।

********************

महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए दिल्ली एसजी पाइपर्स और पंजाब की जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की टीम रांची पहुंच गयी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। पंजाब की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे का विशेष तौर पर अभिनंदन किया गया। हाल ही में उन्हें अर्जुन पुरस्कार देने की घोषणा हुई है।

********************

राउरकेला में खेली जा रही पुरुष हॉकी इंडिया लीग में कल शाम वेदांत कलिंगा लांसर्स ने गोनासिका को दो–एक से हरा दिया। इस जीत के साथ कलिंगा लांसर्स सात अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। गोनासिका चार अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कोयला मंत्री के बीच हुई बैठक की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– हेमंत ने एक लाख छत्तीस हजार करोड़ मांगा, रेड्डी ने भुगतान का भरोसा दिया।

**हिन्दुस्तान** ने हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– खनिज रॉयल्टी का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ जल्द दें।

**दैनिक जागरण** ने भी मुख्यमंत्री और कोयला मंत्री की उपस्थिति में हुई उच्चस्तरीय बैठक की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– वित्त मंत्री ने अफसरों को चेतायाः क्या हो रहा है, सबको पता है, 12 की जगह 22 टन कोयला जाता है, दो माह में स्थिति सुधारें।

*********समाप्त*********